लीलाशाह जयन्ती समारोह, बैण्ड-बाजे के बीच निकली भव्य शोभा यात्रा

नदबई-हलैना रोड स्थित लीलाशाह धर्मशाला पर आयोजित जयन्ती समारोह

नदबई । नदबई हलैना रोड स्थित लीलाशाह धर्मशाला पर सोमवार को सिंधी समाज की ओर से लीलाशाह जयन्ती समारोह आयोजित हुआ। जिसमें आकर्षक झांकियों के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले लीलाशाह आश्रम पर वेद-मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना की गई।

बाद में बैण्ड-बाजे के बीच शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया। हलैना रोड, रेलवे फाटक, सिंधी तिराहा, सिंधी कॉलोनी होते हुए वापिस, लीलाशाह आश्रम पहुंची। शोभायात्रा का मुख्य बाजार में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तो दूसरी ओर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालू जयघोष के बीच थिरकते नजर आए। देर शाम लीलाशाह आश्रम पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें कलाकार जावेद भाई व केशु भाई ने भजनों की प्रस्तुति करते हुए श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाद में विधिवत पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान संयोजक राजू लखवानी, अध्यक्ष सुनील बरयानी, उपाध्यक्ष लक्ष्मनदास, मोहनलाल सिंधी, रामचंद सिंधी, ठाकुरदास लखवानी, जीतू, मनोज लखवानी, बस्सू, अशोक लखवानी, बाबा सांई सहित नवयुवक मंडल सदस्य मौजूद रहे।

सिंधी समाज के लोगों ने लीला शाह की जयंती धूमधाम से मनाई।

- **शोभायात्रा का मुख्य बाजार में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तो दूसरी ओर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालू जयघोष के बीच थिरकते नजर आए**

सुनीता को मानद उपाधि देने की तैयारी

भरतपुर। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के प्रस्तावित पंचम दीक्षांत समारोह में भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और नोबेल पुरस्कार विजेता रिचर्ड रॉबर्ट को डॉक्टर ऑफ साइंस (डीएससी) की मानद उपाधि से नवाजा जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने अनुमति के लिए राज्यपाल को विस्तृत प्रस्ताव तैयार करके भेजा है। बताया गया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्रा, डिप्टी कॉन्सूल जनरल ऑफ इंडिया डा. वरूण जेफ के माध्यम से सुनीता विलियम्स के सम्पर्क में हैं। राजभवन से इस संदर्भ में अनुमति प्राप्त होते ही कार्यकम की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जावेगा। बच्चों को सामग्री प्रदान : स्वास्थ्य मंदिर पर बच्चे बच्चों के लिए चल रहे खिलता बचपन संवर्त जीवन शिक्षा प्रकल्प में आज ब्रजभूमि फॉर्म हाउस के निदेशक उत्कर्ष उपाध्याय द्वारा सभी बच्चों को स्टेशनरी व अध्ययन की सामग्री प्रदान की गई और साथ ही साथ प्रसाद भोजन का कार्यक्रम जन कल्याण के उद्देश्य से दिया गया।

सार-समाचार

कैलादेवी पदयात्रियों के लिए सूरौठ कस्बे में जगह जगह लगाए पंडाल

हिंडौन सिटी /सूरौठ । चैत्र नवरात्रि में श्री कैलादेवी करौली जाने वाले पदयात्रियों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश के आगरा, फतेहपुर सीकरी, किरावली, टूंडला और फिरोजाबाद से बड़ी संख्या में श्रद्धालु करौली जिला प्रारंभ होते हुए सबसे पहली ठाम पंचायत व तहसील सूरौठ होते हुए यात्रा कर रहे हैं। यात्री माता की चुनरी और झंडा लेकर डीजे की धुनो पर भजन गाते हुए चल रहे हैं। पैरों में छाले होने के बावजूद श्रद्धालुओं के मन में सिर्फ माता के दर्शन की चाह है माता के भक्त शिवराज योगी , शशांक विजयवर्गीय,नारायण सिंघल , गिरजेश विजयवर्गीय, कृष्णा गोयल सत्तों ताली, रमन शर्मा, मोनू योगी, लखन मीना राजेंद्र शर्मा अमित गोयल, ने बताया कि सूरौठ बस स्टैंड एंपीरियल के पास नवयुवक मंडल के द्वारा 16 वें भंडारे का विधि विधान पूजा अर्चना के साथ हुआ प्रारंभ , कृष्ण मोहन गोयल व बाबूलाल पाराशर ने बताया कि उदासी के बाग के पास नंबर एक विद्यालय में हरेंद्रानंद जी महाराज के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ भंडारा, व थाना अधिकारी महेश चंद्र मीणा सहित सहित स्टाफ कर्मियों कि ओर से थाने के बाहर अल्पाहार वितरित किया गया व सीपीयेड कांलेज पर कैला मां का भंडारा शुरू किया गया,कॉलेज के डायरेक्टर ओजस शर्मा व कार्यालय प्रभारी विनोद तिवारी ने बताया कि सोमवार को आचार्य महेश चंद शर्मा के मंत्र उच्चारण के साथ राजस्थान जन उत्थान समिति के सचिव स्वदेश शर्मा , सरपंच प्रतिनिधि रामावतार शर्मा, शूटिंग बॉल संघ करौली के सचिव विश्राम मीणा, ब्राह्मण समाज सुरोठ के सह मंत्री नरेंद्र बाबा , कंपाउंडर नारायण शर्मा, रोहन शर्मा , प्राचार्य डॉक्टर एल एच पारधी ,लेक्चरर रविंद्र पाल सिंह, राम चौधरी, पुलकित चौधरी , निहाल सिंह धाकड़ ,ने मां के भक्तजनों के लिए प्रसादी वितरण करवाई सामाजिक संगठनों ने करीब आधा दर्जन स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए हैं। इन पंडालों में श्रद्धालुओं को 24 घंटे निशुल्क भोजन और नाश्ते की सुविधा मिल रही है। भोजन में पुआ, पूड़ी, तवा रोटी, हलवा, बूंदी, सब्जी, दाल और चावल दिए जा रहे हैं। नाश्ते में बेसन पकौड़ी, बेडई, फल और पोहा उपलब्ध है। सेवा पंडालों में प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई है। यहां पैरों में दर्द और छालों से परेशान श्रद्धालुओं का इलाज किया जा रहा है। कार्यकर्ता श्रद्धालुओं को विनम्रता से ठहरने का आठाह कर रहे हैं। श्रद्धालु पंडालों में विश्राम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले रहे हैं। कई जगहों पर लोक कलाकार भजनों की प्रस्तुति दे रहे हैं। भक्त भी उनके साथ नृत्य कर रहे हैं। इससे यात्रा और भी आध्यात्मिक बन गई है।

होली मिलन समारोह संपन्न

गंगापुर सिटी । भारत विकास परिषद शाखा सुभाष ने ट्रक यूनियन स्थित रुक्मिणी पैलेस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में वर्धमान अस्पताल के संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक डॉ. मनोज जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद के प्रांतीय सदस्य दीवान खंडूजा और तुलसीराम गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रांतीय प्रभारी आदित्य भारद्वाज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि डॉ. जैन ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विकास परिषद की शाखाएं संस्कारवान युवा सृजन में सक्रिय हैं। साथ ही आत्मीय मिलन, पर्यावरण संरक्षण और मोक्षधाम जैसे कार्यों में भी योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कुर्सी दौड और सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आपत्तिजनक शब्दों का विरोध

भरतपुर। विश्व हिंदू परिषद् की जिला कार्यकारणी की बैठक जिलाध्यक्ष विष्णु सैनी के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें उन्होंने सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा वीर शिरोमणि राणा सांगा के लिए आपत्ति जनक शब्दों का उपयोग किए जाने पर उसकी भरसक निंदा करते हुए कहा कि राणा सांगा हमारी भारत भूमि की शान हैं हमारे गौरवशाली इतिहास की पहचान हैं उन्होंने कभी भारत का स्वाभिमान पराक्रम झुकने नहीं दिया और सदैव आताताईयों को समाप्त करने का कार्य किया। सांसद रामजीलाल सुमन का बयान उनकी बाबर प्रेमी ओछी मानसिकता का प्रतीक है जिसकी निंदा और विरोध प्रदर्शन विश्व हिंदू परिषद् के कार्यकर्ता मंगलवार को प्रात: 9:30 बजे कलेक्ट्रेट पर करेंगे। विहिप के जिला मंत्री विनोद मडरपुर ने ज्यादा से ज्यादा संख्य में कार्यकर्ताओं को आने का आवाह्न किया है।

महिला सम्मेलन ऑडिटोरियम में 25 को

भरतपुर । शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आदर्श स्टेडियम बाडमेर से राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में वर्चुअली संवाद करेंगे। उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास राजेश कुमार ने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में 25 मार्च मंगलवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत महिला सम्मेलन यू.आई.टी. ऑडिटोरियम में दोपहर 2 बजे आयोजित किया जायेगा।

विश्व क्षय रोग दिवस पर लिए गए 150 टीबी मरीज गोद

भरतपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, भरतपुर द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर आमजन में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु जिले की विभिन्न पीएचसी पर टीबी मरीजों की बैठकों का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर डॉ गौरव कपूर एवं जिला क्षय रोग अधिकारी भरतपुर डॉ अविरल कुमार सिंह के अथक प्रयासों के फलस्वरूप एक स्वयं सेवी संस्था को भी आमंत्रित किया गया जिनके द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को निक्षय पोष्टिक का वितरण करवाया गया निक्षय पोष्टिक किट वितरण कार्यक्रम क्रमश: पीएचसी सेवर , पहरसर एवं अटारी पर आयोजित किया गया जहां पर सेवर के कुल 50 मरीज़ , अटारी के 6 मरीज , पहरसर एवं लखनपुर के 6 -6 मरीज़ो को किट वितरित करवायी । पीएचसी पर कार्यक्रम जिला पीपीएम् समन्वयक यामिनी अवस्थी , एसटीएलएस जीतेन्द्र शर्मा, टीबीएचवी गणपत शर्मा एवं एसटीएस विनोद शर्मा एवं पीएचसी चिकित्सा अधिकारी द्वारा आयोजित करवाया । फाउंडेशन द्वारा भरतपुर जिले के 150 मरीज़ो को गोद लिया गया है जिसमें से 80 मरीज़ ब्लॉक भुसावर के छोंकरवाड़ा , हलैना , पथैना , अलीपुर , बिजवारी , वैर , भुसावर एवं बरौली के निवासी है जिनका किट वितरण कार्यक्रम दिनाक 25 मार्च को सम्बंधित पी एच सी पर आयोजित किया जाएगा । राजस्थान सरकार द्वारा टीबी मुक्त ठाम पंचायत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोष्टिक सहायता उपलब्ध करवाया जाना भी एक बिंदु है।

वार्षिक पदयात्रा रवाना

भुसावर भरतपुर। भुसावर कस्बा से मां कैलादेवी करौली की वार्षिक पदयात्रा आज 24 मार्च को रवाना हुई। इस यात्रा में दो दर्जन से अधिक भक्त शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत शैतान पाड़ा स्थित देवी माता मंदिर से हुई। यहां भक्तों ने माता की प्रतिमा और ध्वज की विशेष पूजा की। साथ ही अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। पदयात्रा का मार्ग देवी माता मंदिर से शुरू होकर सपाट, मुख्य बाजार, पुरानी अनाज मंडी और कानूनगो मोहल्ले से होते हुए हिंडौन सड़क तक पहुंचा। रास्ते में लोगों ने पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया। भक्तों ने माता के भजनों पर नृत्य भी किया। कमेटी के बुजुर्गों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। कमेटी सदस्य विष्णु भगवान गुप्ता ने बताया कि यात्रा का पहला पड़ाव महू में होगा। 25 मार्च को यात्रा करौली पहुंचेगी। 27 मार्च को भक्त माता के मंदिर पहुंचकर विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना करेंगे।

करौली में पदयात्रियों के लिए भंडारे शुरू

करौली । कैलादेवी का चैत्र नवरात्रा मेला शुरू होने से पूर्व दर्शनार्थियों कि भीड़ उमड़ने लगी इधर करौली से कैलादेवी सड़क मार्ग पर जगह-जगह दर्शनार्थियों की सेवा में निशुल्क भोजन भंडारे शुरू हुए।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष 26 मार्च से 11 अप्रैल तक कैलादेवी का चैत्र नवरात्रा मेला शुरू होने जा रहा है जिसके लिए कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए पूरी तैयारी कर व्यवस्था में जुट गए हैं इधर पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन भी यात्रियों कि सुविधा में जुटा हुआ है इनके अलावा भामाशाह और यहां के क्षेत्र के वासी पदयात्रियों को चाय, नाश्ता, शीतल पेयजल, भोजन के निशुल्क भंडारे लगाकर पद यात्रियों कि सेवा में महिला पुरुष लगे देखे जा रहे हैं यहां के हाथी घटा पर आगरा के अंकल सुपारी वालों कि ओर से निशुल्क भंडारा लगाया गया है जिसका नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने मां कैलादेवी के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया जिसमें शहर के सामाजिक और युवा सहयोग देने में आगे हैं उधर कैलादेवी करौली सड़क मार्ग पर स्थित राजौर गांव पर कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट कि ओर से विशाल भोजन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसका सोमवार को कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल ने मां कैलादेवी कि पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया कैलादेवी के कंट्रोल रूम प्रभारी संतोष सिंह एडवोकेट ने बताया कि यह निशुल्क भंडारा कैलादेवी मेले के समापन तक चलता रहेगा जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों को निशुल्क भोजन,चाय, नाश्ताआदि के अलावा रात्रि विश्राम की भी सुविधा पद यात्रियों को दी जावेगी उन्होंने बताया कि जयपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम भी यात्रियों की सुविधाओं के लिए आ चुकी है।

जिनके द्वारा यात्रियों को चिकित्सा सुविधा मुहिया कराई जाएगी इसके अलावा आगरा वालों कि ओर से जंडिया कि बगीची पर भी विशाल निशुल्क भंडारे की तैयारी की जा रही है यहां के कलेक्ट्रेट सर्किल के पास पप्पू अठावाल चक्की वाले के द्वारा जन हयोग से भंडारे का शुभारंभ किया।

भाजपा की बैठक आयोजित

भरजपुर । भाजपा कार्यालय में 24 मार्च, सोमवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले से भारतीय जनता पार्टी के रूपरेखा एवं मंडल अध्यक्ष शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना शिवानी दायमा, विशिष्ट अतिथि गिरधारी तिवारी, भानुप्रताप सिंह राजावत एवं अनुराग गर्ग ने की। सभी कार्यक्रमों को भव्य रूप देने की व्यवस्था की गई है। जिसमें श्रीराम के चरित्र का चित्रण करते हुए हुंकारियां कृषि उपज मंडी समिति से कुम्हेर गेट होते हुए मुख्य बाजार से की गई। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि वर्तमान में राजस्थान में मुख्यमंत्री के रूप में जूना जिले के लाडले भजनलाल शर्मा जी हैं तो निश्चित रूप से हम सभी दायित्व निभाते हैं कि हम सभी जिलों के सर्वजन शक्ति को मिलाकर 6 अप्रैल, रविवार को रामदूत अधिक से अधिक संख्या में अपने परिवार और मित्रगणों की भागीदारी सुनिश्चित करें। इकबाल शिवानी दायमा ने सभी पौराणिक कथाओं को निभाते हुए कहा कि हमें पुराने जमाने के साथी इस साल भी महान कलाकारों में और भी ज्यादा जनभागीदारी जोड़ते हैं और हम सभी रामदूत के किरदारों को सफल बनाने का संकल्प लेते हैं।

116 अभ्यार्थियों का बायोमैट्रिक दस्तावेज सत्यापन

भरतपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदौन्नित बोर्ड राजस्थान जयपुर द्वारा जारी आदेशानुसार भरतपुर जिले में चयन सूची पर लिये गये 116 अभ्यार्थियों का बायोमैट्रिक दस्तावेज सत्यापन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं ड्यूटी ज्वाईन करने हेतु बुलाये जाने पर अनिच्छुक, अन्यत्र नियोजन एवं अन्य कारण से रिक्त रहे पदों को भरे जाने हेतु रिव्यू कार्यवाही किये जाने हेतु आदेश प्रदान किये जाने पर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर द्वारा चयन बोर्ड की मीटिंग का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि चयन बोर्ड द्वारा चयन की कार्यवाही की जाकर 07 अभ्यार्थियों को वर्ग एवं वरिष्ठता अनुसार कानिस्टेबल सामान्य ड्यूटी के पद की चयन सूची पर लिया जाने का अनुमोदन किया गया है। उन्होंने बताया कि कानिस्टेबल सामान्य के पद पर रिव्यू चयनित अभ्यर्थियों में अभ्यर्थी कुलदीप रौल नं.1010134, यतेन्द्र सिंह रौल नं.1010858, राजरानी रौल नं.1010013, वैभव शर्मा रौल नं.1009975, मनोज रौल नं.1009522, रिंकू कुमार मीना रौल नं.1010137 तथा अभ्यर्थी बनयसिंह रौल नं.1009830 शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि समस्त चयनित अभ्यार्थियों की भर्ती की आगामी प्रक्रिया स्वास्थ्य परीक्षण, चरित्र सत्यापन, शैक्षिणक योग्यता, जाति प्रमाण पत्रों एवं विशेष योग्यता प्रमाण पत्रों आदि सहित अन्य समस्त दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेज एवं स्वयं प्रमाणित छायां प्रतियों के साथ 26 मार्च बुधवार को प्रात: 9 बजे रिजर्व पुलिस लाईन भरतपुर में अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगे। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता एवं अन्य मानदेय देय नहीं होगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर यह मानते हुए कि अभ्यर्थी उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक नहीं है।

मंदिर में चोरी का प्रयास

कामां । तीर्थराज विमल कुंड स्थित हरिकृपा आश्रम के मठ में अज्ञात किले ने दिंदहाड़े चोरी का प्रयास किया, चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद कामा थाना पुलिस के ठिकानों पर सर्पिला और मंदिर परिसर में लगे स्मारक कैमरे की मूर्ति की तलाश शुरू कर दी गई।

हरिकृपा आश्रम पीठाधीश्वर स्वामी हरित चैतन्यपुरी महाराज ने बताया कि वे धर्म सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस समय उत्तराखंड के भ्रमण पर हैं कामां तीर्थराज विल्मलकुंड स्थित हरि कृपा आश्रम के रामनाथ जी मंदिर में रविवार को दो अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया, अज्ञात ने मंदिर के मुख्य द्वार पर स्थापित मंदिर के मुख्य द्वार पर भी स्थापित कर दिया।

चोर चोरी के अवशेषों को अंजाम देने में सफल नहीं हो सके और स्वामी हरि चैतन्यपुरी महाराज ने बताया कि इससे पहले भी अज्ञात चोर ने आश्रम के चैतन्येश्वर महादेव मंदिर से दो बार धनपति को चोरी कर ले जा चुके हैं। चोरी की घटना आश्रम परिसर में लगे कैमरा सीसीटीवी में कैद हो गई है।

राणा सांगा पर की गई टिप्पणी का विरोध

रूपवास। गांव खानुआ के राणा सांगा स्मारक पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा की गई टिप्पणी पर सर्वसमाज के लोगो ने रोष व्यक्त कर नारेबाजी की तथा नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की बात कही।

भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री भानुप्रताप सिंह राजावत, शिक्षक नेता हरिशंकर शर्मा, जिला गोरक्षा प्रमुख संतोष सिकरवार, उपाध्यक्ष कृष्णा भातरा, सुम्मेर प्रजापति, विवेक गुप्ता, बंटी चंदेल आदि की अगुवाई में स्मारक पर एकत्रित होकर सांगा को अजेय योद्धा बताया। राजावत ने कहा राणा सांगा ने अपने जीवनकाल में 100 से ज्यादा युद्ध लड़े। इस कारण उनके शरीर पर 80 घाव थे। वही एक आंख खराब होने, एक हाथ कट जाने व एक पैर द्वारा काम नही करने पर वही इसी खानुआ के पहाड़ पर बाबर को युद्ध से मारकर भगाया था। जबकि बाबर को पंजाब के दौलत खां और इब्राहिम लोधी के चाचा आलम खां ने बुलाया था। हम हिंदुओं के डीएनए में महाराणा सांगा, छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराजा सूरजमल, महाराणा प्रताप का डीएनए है। ये ही हमारे आदर्श हैं। जिनके शौर्य पराक्रम से हिंदू संस्कृति बची हुई है। वही विदेशी मुग़ल आक्रांता लुटेरे थे।जिनका बखान करके सांसद रामजीलाल सुमन ने घृणित कार्य किया है। इतिहास के पन्नो का हवाला दिया है। तो सांसद चुप क्यों हो रहे हैं।जबकि सांसद को जनता का सामना करना चाहिए। अगर जल्द ही माफी नही मांगी तो जनता सड़को पर उतरकर सांसद को बख्सेगी नही। तथा जनता अपने आप हिसाब कर लेंगी। इस मौके पर बटी अंबेश, शुभम शर्मा, अमन रघुवंशी, अवनीश शर्मा, रवि सिकरवार, हर्ष बंसल आदि उपस्थित थे।

- **गांव खानुआ के राणा सांगा स्मारक पर सपा सांसद**

परशुराम सेना संघ ने मनाया गणगौर महोत्सव

गंगापुर सिटी । श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना संघ ने भगवती पैलेस में गणगौर महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉक्टर अनुज शर्मा, पूर्व सभापति संगीता बोहरा और कल्पना शुक्ला ने की। महोत्सव में गणगौर बनो और ईशर गणगौर बनो प्रतियोगिताएं मुख्य आकर्षण रहीं। श्रीमती गणगौर प्रतियोगिता में अनुकृति शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीमा शर्मा द्वितीय और दीपा शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। चंचल शर्मा और रजनी शर्मा निर्णायक मंडल में शामिल थीं। पूर्व सभापति संगीता बोहरा और डॉक्टर अनुज शर्मा ने गणगौर की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि माता गौरा ने भगवान शिव को पाने के लिए कठिन तपस्या की थी। शिवजी ने प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया और विवाह किया। कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति और विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए गणगौर की पूजा करती हैं। कार्यक्रम में कल्पना शुक्ला, रीना शर्मा, नितेश शर्मा समेत सैकडों महिलाओं ने भाग लिया। मीडिया प्रभारी गौरी शंकर शुक्ला, महामंत्री कमलेश जोशी, उपाध्यक्ष अजय पाराशर और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

- **सामूहिक होली न्रत्य ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया**

माहेश्वरी मंडल समिति होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया

कार्यक्रम का शुभारम्भ राजकिशोर द्वारा भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया

भरतपुर । माहेश्वरी मंडल समिति जिला भरतपुर द्वारा माहेश्वरी कुञ्ज नीम दा गेट पर होली मिलन समारोह बड़ी धूम धाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ राजकिशोर द्वारा भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया । इस अवसर पर महिलाओं द्वारा बहुत ही मनोहारी एवं भक्ति परक गीत संगीत एवं भजन प्रस्तुत किये गये,सामूहिक होली न्रत्य ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में संरक्षक मोहन लाल माहेश्वरी द्वारा अच्छे लोगो की संगति करने पर जोर दिया और कुसंग के परिणाम भयानक होते हैं एक कथानक द्वारा समझाया । इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के सदस्य सपरिवार उपस्थित थे ।

कार्यक्रम के आयोजक गिर्राज माहेश्वरी एवं दीपक माहेश्वरी थे दोनों की नवविवाहित पुत्रवधुओं को सभी द्वारा बहुत बहुत शुभकामनाएँ एवं बधाई दी गयी महिला प्रकोष्ठ की रेखा ,रचना ,आरती , प्रीती ,मोहिनी ,भावना ,गुंजन ,चंचल ,प्रियंका ,श्वेता ,अंकिता,आशु, सुमन, आदि ने बहुत सहयोग प्रदान किया । जिलाध्यक्ष ओ .पी . माहेश्वरी ने बताया की कार्यक्रम के सफल सञ्चालन में माधवेन्द्र आशुतोष मुकुंद कपिल जीतेंद्र राधाबल्लभ प्रह्लाद योगेश ईश्वर संजय सिद्धार्थ आदि का विशेष योगदान रहा । हरित ब्रज सोसायटी के उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा सचिव सत्येन्द्र यादव ब्रिजेश गोस्वामी वैश्य समाज के अखलेश मित्तल विशाल खंडेलवाल नूतन मित्तल वंदना खंडेलवाल एवं पत्रकार दीपचंद शर्मा भी उपस्थित थे।

माहेश्वरी कुञ्ज नीम दा गेट पर होली मिलन समारोह बड़ी धूम धाम से मनाया गया

- **सामूहिक होली न्रत्य ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया**

रुक्मणी विवाह में उमडे श्रद्धालु, सुदामा चरित्र चित्रण आज

गंगापुर सिटी । विजय पैलेस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को राष्ट्रीय संत परम पूज्य डॉ संतोष दास महाराज के मुखारविंद से कृष्ण महारास लीला कंस वध प्रसंग उदभ उचाब काल नेमि कथा द्वारका प्रसंग जरासंध, शिशुपाल वृतांत के साथ कृष्ण रुक्मणी विवाह का मधुर वाणी से समझाते हुए भजनों के माध्यम से बखान किया। आचार्य ने कहा कि कृष्ण चंद्र ही महारास के चंद्र हैं श्यामसुंदर ने गोपियों को महारास में लीला करते हुए पतिक धर्म का उपदेश दिया। आचार्य ने व्याख्या करते हुए बताया कि रघुपति रघु यानी जीव पति मानी रक्षक उपदेश में बताया कि पति की सेवा करना ही सबसे बडा धर्म है। आचार्य ने प्रणाम किसको करें किस प्रकार करें की व्याख्या की। कथा में एकादशी व्रत कथा का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि कोई भी व्रत 12 वर्ष तक जो व्यक्ति करता है मैं भगवान का प्रिय भक्त हो जाता है 12 वर्ष बाद ही उद्यापन करना चाहिए जो एकादशी का व्रत करता है उसे और कोई व्रत करने की आवश्यकता नहीं पडती। नंद बाबा एकादशी का व्रत करते थे पांच कर्मेंद्रियों पांच ज्ञानेंद्री और मन का विश्लेषण किया।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

भरतपुर । पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें पेयजल, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के प्रबंधो की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उपायों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डेंगू व मलेरिया के संदिग्ध रोगियों के मिलने पर उस क्षेत्र में एंटी लार्वा व फागिंग की कार्रवाई विशेष ध्यान देकर करवाई जावे । उन्होंने चिकित्सा और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाम 7 बजे के बाद ही एंटी लार्वा व फागिंग की कार्रवाई की जाए। साथ ही गंदी नालियों की नियमित रूप से साफ सफाई के लिए निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में लार्वा के विकास को रोकने के लिए खाली प्लॉट में पानी के जमाव को निकासी और लार्वा रोधी दवा का छिड़काव करने के साथ अपनी टीम भेज कर लोगों को मच्छर जनित बीमारियों के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें, स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन किया जाए। उन्होंनें बजट घोषणाओं, सांसद व विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लोहागढ़ स्टेडियम और जिला मुख्यालय अस्पताल में निर्माणाधीन कार्यों में प्रगति लाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद कार्यालय निकट स्थित नाले के कार्य में प्रगति लाने के लिए एवं सड़क निर्माण में भी जल्दी ही पूरा करने के निर्देश दिए।

राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला कलक्टर करौली

कमांकः-लेखा/2025/391 दिनांकः- 20/03/25

नीलामी आमंत्रण सूचना 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला कलक्टर करौली में स्टोर के बेशी अनुपयोगी / नकारा सामग्री राशि 895862/- की नीलामी दिनांक 27.03.2025 को दोपहर 2:00 बजे की जावेगी। इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत केता/कवाडी निर्धारित धरोहर राशि जमा कराकर खुली नीलामी में भाग ले सकेगें। नीलामी बोली से संबंधित शर्तें कार्यालय में अथवा https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB NO:-CKL2425A0017
UBN NO: CKL2425GSOB00017

(हेमराज परिडवाल)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
करौली

DIPR/C/4227/2025